हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

शुभम के मार्ट®
शॉपिंग करो खुलके, पैसे बचाओ जमके !

बचत की शुरूआत, अब मां बम्लेश्वरी देवी,
डोंगरगढ़ की पावन धरा पर भी !

भव्य शुभारंभ

22 अक्टूबर गुरुवार, 2026
प्रातः 10 बजे से
डोंगरगढ़

खैरागढ़ रोड, नया बस स्टैंड के सामने, 9201966300

आप सादर आमंत्रित है, हमारे नये मेगा स्टोर के शुभारंभ अवसर पर...

Grand FESTIVE OFFERS
शुभम के मार्ट®
शॉपिंग करो खुलके, पैसे बचाओ जमके!

जितना ख़रीदो उतना मुफ्त पाओ.
शुभारंभ स्पेशल ऑफर केवल
31 अक्टूबर, 2026 तक

आज ही खरीदारी करें और मुफ्त शॉपिंग जीतने का मौका पाएँ!
बिल ड्रॉप बॉक्स में डालें और जीतें ₹10,000 तक की मुफ्त शॉपिंग! हर स्टोर से रोज़ 5 विजेता, ड्रॉ शाम 5 बजे
अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम स्टोर पर विज़िट करें



MRP पर कम से कम 9% डिस्काउंट
+ एक्स्ट्रा डिस्काउंट
*नियम और शर्तें लागू:

गिफ्ट, ग्रॉसरी, होम, किचन, इलेक्ट्रॉनिक्स,
ट्रेंडी फैशन कपड़े (मेन्स वियर, किड्स वियर,
वुमेन्स वियर, साड़ियां, होम फर्निशिंग
& हैंडलूम और भी बहुत कुछ!

भारतीय मिठाईयां & नमकीन
(Selected Variant)
UPTO 50% DISCOUNT



फेस्टिव & कॉर्पोरेट गिफ्ट्स,
गिफ्ट वाउचर उपलब्ध है 91091 99110

डोंगरगढ़, खैरागढ़ रोड, नया बस स्टैंड के सामने - 92019 66300
राजनांदगांव, सुमीत मंडी गेट 91091 55687
खैरागढ़, अटल उद्यान के पास, मेन रोड - 91091 99250

अतिशीघ्र शुभारंभ • जगदलपुर • बलौदाबाज़ार • बिलासपुर • अमलिडीह • कटोरा तालाब
कॉर्पोरेट कार्यालय : शुभम टावर, कमल विहार गेट के सामने, डुमरतराई, रायपुर, छत्तीसगढ़

• छत्तीसगढ़ • राजस्थान • गुजरात • ओडिशा • महाराष्ट्र
कस्टमर केयर हेल्पलाइन नंबर : +91 91091 99110
FOLLOW US ON: shubhamkmartofficial | Shubham K Mart | @shubhamkmart2926

नियम एवं शर्तें लागू: सभी ऑफर सूचना के बिना बदलाव के अधीन हैं | ऑफर स्टॉक रहने तक। दिखाये गए उत्पादों के ग्राफिक्स केवल सांकेतिक मात्र है | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मदभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट एवं यूपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |

नवरात्र का समापन, विसर्जन यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

नौ दिनों तक भक्ति के बाद कलशों का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ज्योति कलश विसर्जन के साथ धर्म नगरी में क्वांर नवरात्र पर्व का समापन हुआ। ढोल नंगाडों, जस गीत और शहनाई धुन के बीच मानव श्रृंखला के रूप में निकली विसर्जन यात्रा के हजारों दर्शनार्थी साक्षी बने। रात 11 बजे शुरू हुई विसर्जन यात्रा को देखने लोगों का हुजुम देर रात तक उमड़ा रहा। ट्रस्ट समिति की पुरानी परंपरा के अनुरूप 8261 ज्योति कलशों को नवमीं को सुबह मंत्रोच्चार के साथ शांत कराया गया। मां बम्लेष्वरी की प्रथम ज्योत को उपर छिरपानी तलाब टांका में विसर्जित किया गया। जबकि नीचे मंदिर के 911 एवं शीतला मंदिर के 63 ज्योति कलशों को महिलाएं सिर पर धारण कर विसर्जन के लिए मानव श्रृंखला के रूप में निकली। कलशों को महावीर तलाब में विसर्जित किया गया। अष्टमी हवन के बाद ट्रस्ट समिति ज्योति विसर्जन की तैयारी में जुट गई थी।

रात्रि को मुख्य बैगा दीपक उईके और ओमकार महोबिया ने ग्राम देवी देवता, काल भैरव सहित छिन्न मस्ता माता के आहवान के साथ विसर्जन यात्रा की अनुमति लेकर प्रथम ज्योत की पूजा अर्चना की। ट्रस्ट अध्यक्ष ने माता की प्रथम ज्योत को कक्ष से निकाल कर मंदिर प्रांगण में लाया। जिसके बाद अन्य कार्यकर्ताओं ने अन्य सैकडो ज्योति कलशों को बाहर लाकर महिलाओं के सिर पर स्थापित किया। मंदिर प्रांगण से निकली यात्रा छिन्न मस्ता माता मंदिर होते हुए रेल्वे ट्रैक में पूजा के बाद शीतला मंदिर पहुंची।





एक्टिव रहा प्रशासन

शोभायात्रा के दौरान अधिकारी सहित सैकडों की संख्या में सुरक्षा बल के जवान तैनात किए गए है। विसर्जन यात्रा में पुलिस बल, रेल्वे स्टेशन प्रबंधक, आरपीएफ, जीआरपीएफ, विशेष सुरक्षा बल, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, थाना प्रभारी डटे रहे। विसर्जन यात्रा के दौरान कई ट्रेनों की आवाजाही को रोक दिया गया था।

माताओं का हुआ मिलन

शीतला माता की प्रथम ज्योत एवं बम्लेष्वरी माता की प्रथम ज्योत धारण करने वाली महिलाओं ने एक दुसरे को गले लगा कर बधाई दी। नारियल भेंट कर महावीर मंदिर पहुंची। यहां कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बैगाओ ने हनुमान जी को नारियल भेंट कर महावीर सरोवर देवता का आहवान कर ज्योति कलश विसर्जित

विधायक हुई शामिल

विधायक हषिता स्वामी बघेल महिलाओ के साथ ज्योति कलश विसर्जन यात्रा में शामिल हुई। उन्होंने मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। विधायक श्रीमती बघेल विगत सात वर्षों से विसर्जन यात्रा में लगातार शामिल हो रही हैं। इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, चंद्रप्रकाश मिश्रा, अनिल गट्टानी, महेन्द्र परिहार, योगेश अग्रवाल, प्रकाश बिंदल, नितिन पचेरी, संजय श्रीवास्तव, संजय गुमास्ता, बबलू शांडिल्य, पिताम्बर स्वामी, बैगा दीपक उईके, ओमकार महोबिया मौजूद थे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, थानेश्वर पाटिला, महेन्द्रभाई पटेल, विशु खांडेकर, मनीष बघेल, रामकृष्ण कन्नौजिया, शंभू पटेल, प्रदीप शर्मा, राजू छाजेड, जितेन्द्र सिंग, राजेश अग्रवाल, गणेश नरेडी, सत्यप्रकाश मिश्रा, दिलीप बिंदल, मधु नरेडी, केशव नरेडी, राकेश पचेरी, अशोक साहू, गौमत चोपडा, अनिल शर्मा, आकाश राजपूत, अनिल अग्रवाल, विपुल पचेरी, नितिन शांडिल्य, रामजी तराने, गणेश साहू, विश्वनाथ यादव, लीलाप्रसाद राव, दुर्गाराव, मधुसूदन अग्रवाल, विमलकुमार, हरविंदर सिंग मंगे, महेन्द्र परिहार, आरती परिवार के सदस्य मौजूद थे।

आतिशबाजी ने लुभाया



अंबागढ़ चौकी। विजयादषमी पर्व पर कालेज ग्राउंण्ड में तीस फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। दशहरा उत्सव में रंगीन आतिशबाजी, रामलीला व जसगीत झांकी को देखने हजारों की संख्या में नागरिक जुटे।

नगर में एक ही स्थान पर दशहरा उत्सव होने के कारण शाम 6 बजे से भीड जुटनी शुरू हो गई थी। शाम को जसगीत झांकी मंडली मोगरा ने दैवी महिमा पर आधारित जस झांकी की प्रस्तुति दी। इसके बाद रामलीला का मंचन हुआ। रावण दहन से पहले पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू, नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, दामोदर शर्मा, मुकेश अग्रवाल आदि ने श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान की आरती उतार कर पूजा अर्चना की।

इसके बाद आधे घंटे तक रंगारंग आतिशबाजी किया गया। आयोजन में अजय अग्रवाल, राजू ठलाल, शंकर निषाद, शमीमुद्दीन कुरैशी, बिट्टु रब्बानी, विनोद डेहरिया, अविनाश कोमरे, किशोर यादव, लोकदीप बोरकर, राजेन्द्र मंडावी, दीपक यादव, हेमंत, सहारू तारम, आकाश कसार, ओमेश दुबे, बाबु दुबे, मंजीत अरोरा, छगन बंजारे, अनिल महोबिया, ईश्वर देशमुख आदि मौजूद थे।

रंगतरंग की प्रस्तुति

दुर्गा पंडाल बस स्टैंड में नवदुर्गोत्सव समिति ने सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगतरंग का आयोजन किया। छालीवुड अभिनेत्री तारा साहू को देखने एवं सुनने के लिए रातभर दर्शकों की भीड उमड़ी रही। कार्यक्रम में दीलिप वर्मा, नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, आशीष द्विवेदी, राजेश गुजराती, ज्ञानचंद्र कुंभज, देवनारायण कुंभकार, चंदन उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

लोक कलाकार आस्था, शिवम व स्वाति ने जमाया रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर के आत्मानंद स्कूल मैदान में श्री निशांत दुर्गा उत्सव एवं दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी। यहां लगभग 61 फुट ऊंचे रावण पुतले का दहन किया गया। इस दौरान छालीवुड कलाकार आस्था शर्मा लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र रही, वहीं लोक गायक शिवम यादव तथा स्वाति वैष्णव ने मधुर स्वर लहरियों से खूब शमां बांधा। नवरात्र के समापन पर नगर में दुर्गा एवं सरस्वती प्रतिमाओं की झांकी के साथ विसर्जन यात्रा निकाली गई।

गाजे बाजे और भक्ति गीतों के साथ निकाली यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी सम्मिलित हुए। विसर्जन यात्रा नगर भ्रमण करते हुए नदी पहुंची जहां पर देर रात्रि तक विसर्जन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्थानीय आत्मानंद स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में छालीवुड कलाकार आस्था शर्मा ने सबको लुभाया। उन्होंने अनेक गानों में सह कलाकार के साथ प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। वहीं लोक गायक शिवम यादव एवं स्वाति वैष्णव ने जम्मा जागरण गीत, जस गीत, छत्तीसगढ़ी गीतों से ऐसा शमां बांधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।



राम- सीता की पूजा

इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, स्वरूपचंद जैन, संतोष वैष्णव, अनिल टावरी, जेठमल लोढा सहित अन्य ने भगवान श्रीराम एवं माता सीता के स्वरूप में सजे बच्चों की आरती उतारी। इसके बाद उत्सवी माहौल के बीच 61 फुट ऊंचे रावण का दहन किया गया। रावण दहन होते ही मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। श्री निशांत दुर्गा उत्सव एवं दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने पर्व की खुशियों को और बढ़ा दिया। इस दौरान तरूण गांधी, राजू दुबे, संदीप वैष्णव, गिरीश पंसारी, कमलेश यादव, लोकेश यदु, प्रतीक ठाकुर, संजय यदु, सोनू लोढा, सौरभ ठाकुर, दुष्यंत वैष्णव, अमिताभ जैन, गब्बर जैन, ज्ञानेश्वर हिरवानी, श्यामसुंदर लाउत्रे, गोविंदा राजपूत, गौरव यदु सहित अन्य मौजूद थे।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
डॉ. सी.पी. सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएँ- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श; नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी; बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी; सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT; बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा; आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार; TPA की सुविधा
संपर्क करें- 9009553889, 9090204620
पता - एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढियारी रायपुर
शाखा : मातृ स्मृति मंगल बाजार, माताजी मंदिर के सामने, गुढियारी, रायपुर

पाइल्स
क्षार सूत्र विशेषज्ञ, 15000 से ऊपर सफल चिकित्सा देश विदेशों में भी प्रचलित।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा वैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

रेरा एप्रूव्ड आवासीय कालोनी
॥ श्री गणेशाय नमः॥
देवकी विहार
BOOK NOW
दीपवली तक
एडवांस के साथ बुकिंग करने पर
रजिस्ट्री में 50% की छूट

मेडिकल कॉलेज रोड
NPS के सामने
डॉ. प्रकाश खुटे के लाइन पर
आवासीय प्लाट उपलब्ध.
साइज़ 960 sqft. से 1200 sqft.
शीघ्र सभी सुविधाएं उपलब्ध
पानी
नाली
बिजली
सी.सी. रोड
मकान बनाने की सुविधा उपलब्ध
88272-61634

सीमित प्लाट उपलब्ध
मेडिकल कॉलेज
TOWARD'S MEDICAL COLLEGE
RERA REGISTRATION NO. PCGRERA100625001941
LOCATION MAP
NPS नीरज पब्लिक स्कूल
MEDICAL COLLEGE ROAD
रोड
गौरी शंकर विहार
गार्डन
EXISTING APPROACH ROAD 9.0 M. WIDE
30'0" WIDE ROAD
24'7" WIDE ROAD
काशी नगर फेस-3
काशी नगर फेस-2
काशी नगर फेस-1
A Project By BAJPAYEE BROTHERS
TOWARD'S NAGPUR
G.E.ROAD
TOWARD'S RAIPUR
बैंक फाईनेंस सुविधा...

NEERAJ BAJPAYEE
DIRECTOR - NB GROUP OF SCHOOLS

दिवाली तक
सभी सुविधाएँ लगभग उपलब्ध
(पानी, नाली, बिजली, रोड)

संपर्क करें
VEERAK BAJPAYEE (Ratnesh) 6261684372
PREETAK BAJPAYEE 9826384529
NEERAJ BAJPAYEE 9131675426
AJAY RATRE 7067208055

-आफिस पता -
नीरज पब्लिक स्कूल के बाजू में, गंगा टॉवर साहू मेडीकोज के बाजू में, मेडिकल कॉलेज रोड, पेन्ड्री, राजनांदगांव
-साईड पता-
नीरज पब्लिक स्कूल के सामने, काशी नगर फेस-3, मेडिकल कॉलेज रोड, पेंड्री, राजनांदगांव

हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

बोर्ड एग्जाम में मूल स्कूल में परीक्षा केंद्र पर रोक, अब जाना होगा दूसरे गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

10वीं-12वीं के ग्रामीण विद्यार्थियों की बढ़ेगी परेशानी, निर्णय के विरोध में उतरे शिक्षक संगठन

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा केंद्रों को लेकर प्रस्तावित नई व्यवस्था का शिक्षक संगठनों ने विरोध किया है। सत्र 2026-27 से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी उनकी मूल अध्ययनरत शाला में परीक्षा देने की सुविधा नहीं मिलेगी। उन्हें समीपस्थ दूसरे स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देनी होगी। शिक्षक संगठनों का कहना है कि इससे विशेषकर दूरस्थ और अनुसूचित क्षेत्रों के विद्यार्थियों के सामने आवागमन की बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से 15 अक्टूबर को आयोजित वर्चुअल बैठक में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को बोर्ड परीक्षा केंद्रों के संबंध में नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत विद्यार्थियों की मूल अध्ययनरत शाला को परीक्षा केंद्र बनाने के बजाय समीपस्थ किसी अन्य स्कूल में केंद्र निर्धारित किया जाएगा। अब तक दूसरे स्कूल में परीक्षा देने की व्यवस्था मुख्य रूप से शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए लागू थी। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थी अपनी अध्ययनरत शाला में ही बोर्ड परीक्षा देते रहे हैं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद ग्रामीण विद्यार्थियों को भी दूसरे स्कूल में परीक्षा देने के लिए जाना पड़ेगा।

छात्रों को जाना पड़ेगा दूसरे गांव

दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार पूरे गांव में हाई या हायर सेकंडरी स्तर का एक ही स्कूल होता है। ऐसे में मूल स्कूल में परीक्षा केंद्र की व्यवस्था समाप्त होने पर विद्यार्थियों को दूसरे गांव तक जाना पड़ सकता है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में पालक बच्चों को सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए नजदीकी शाला में प्रवेश दिलाते हैं। परीक्षा के समय उसी बच्चे को दूर के केंद्र तक भेजना व्यवहारिक नहीं होगा।



छात्राओं की सुरक्षा पर भी सवाल

अविभाजित जिले में कई क्षेत्र वनाच्छादित और संवेदनशील हैं। जंगली-जानवरों की मौजूदगी वाले क्षेत्रों में विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं के लिए दूर स्थित परीक्षा केंद्र तक पहुंचना सुरक्षा की दृष्टि से भी चुनौतीपूर्ण हो सकती है। यदि समय पर आवागमन की व्यवस्था नहीं हुई तो कुछ विद्यार्थी परीक्षा से वंचित भी हो सकते हैं। शिक्षक संगठनों ने मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री और संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व व्यवस्था बनाए रखने तथा नई व्यवस्था पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

5 से 8 किमी तक बढ़ सकती है दूरी

संघ का दावा है कि नए केंद्र निर्धारित होने से कई क्षेत्रों में विद्यार्थियों को वर्तमान केंद्र की तुलना में 5 से 8 किमी अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ सकती है। अनुसूचित क्षेत्रों में आवागमन के साधन भी सीमित हैं। कई बच्चे पहले ही 3-4 किमी तक पैदल चलकर स्कूल पहुंचते हैं। ऐसे में बोर्ड परीक्षा के दिनों में अतिरिक्त दूरी तय करना उनके लिए बड़ी चुनौती बन सकता है।

खबर संक्षेप

लुढ़केगा रात का पारा अंचल में बढ़ेगी ठंड

राजनांदगांव। उत्तर-पश्चिम दिशाओं से आने वाली नम हवाओं के चलते अंचल में देखने को मिली बेमौसम बारिश के बाद अब ठंड का एहसास भी बढ़ने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार दो दिनों बाद से प्रदेश के लगभग सभी इलाकों में रात के तापमान में गिरावट संभव है। जिससे रात के दौरान ठंड बढ़ेगी। ज्ञात हो बुधवार को अंचल में न्यूनतम तापमान 21 डिग्री पर रहा। वहीं मौसम विभाग द्वारा रोजाना जारी किए जाने वाले आंकड़ो के मुताबिक राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान 32 डिग्री पर पहुंच गया है, ज्ञात हो करीबन एक सप्ताह पहले तक यह 35 डिग्री पर था। दो दिनों बाद से न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री तक की गिरावट संभव है।

बाइक से गिरा, मौत

राजनांदगांव। बाइक में सवार होकर जा रहा युवक अचानक बाइक सहित सड़क पर गिर गया, जिसे गंभीर चोंटे आई। उसे उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 अक्टूबर को ग्राम ठंढार निवासी रघुवीर 19 वर्ष बाइक में सवार होकर ग्राम ठंढार जाने वाले मार्ग से जा रहा था। इस दौरान बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक सहित सड़क पर गिर गया। जिससे उसे गंभीर चोंटे आई थी, जिसे शासकीय अस्पताल गंडई ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इस घटना से गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

केंद्र सरकार की योजना से संवर रही छोटे कारोबारियों की राह

पीएम स्वनिधि योजना: 4500 वेंडर्स को मिला 7 करोड़ ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

योजना अंतर्गत आए साढ़े छह हजार से अधिक आवेदन

शहरी क्षेत्रों में रेहड़ी-पटरी और छोटा-मोटा व्यवसाय कर अपनी आजीविका चलाने वाले वेंडर्स को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना जिले में गति पकड़ रही है। योजना के माध्यम से छोटे व्यवसायियों को साहूकारों के ब्याज जाल से मुक्ति दिलाते सीधे बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा जा रहा है। जिससे वे अपने कारोबार को स्थिरता और नई पहचान दे सके।

जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में इस योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप काम करते अब तक कुल 4,577 स्ट्रीट वेंडर्स के खातों में 7.16 करोड़ रुपए की ऋण राशि वितरित की जा चुकी है। जिलेभर के सभी छह नगरीय क्षेत्रों में कुल 7,522 मामलों का लक्ष्य रखा गया था। जिसके सापेक्ष बैंकों को 6,532 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों की गहन समीक्षा के बाद 4,829 प्रकरणों को स्वीकृत किया गया। जिनमें से अधिकांश को ऋण का वितरण कर दिया गया है। हालांकि वर्तमान में 857 प्रकरण विभिन्न स्तरों पर लंबित है। जबकि तकनीकी और दस्तावेजी कमियों के चलते 1,098 आवेदन निरस्त अथवा वापस किए गए हैं। नगरीय निकायवार प्रगति पर नजर डालें तो नगर पालिक निगम राजनांदगांव में सर्वाधिक प्रगति देखी गई है।



नांदगांव की बेहतर स्थिति

नगर निगम राजनांदगांव में प्रगति सर्वाधिक रही है, यहां निर्धारित 5,187 के लक्ष्य के मुकाबले प्राप्त 4,131 आवेदनों में से 3,108 स्वीकृत हुए और 2,918 हितग्राहियों को 4.53 करोड़ रुपए का ऋण वितरित कर दिया गया है। इस क्षेत्र में 536 मामले लंबित हैं तथा 677 प्रकरण अस्वीकृत हुए हैं। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ में लक्ष्य 1,430 से अधिक 1,486 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 1,178 स्वीकृत कर 1,150 वेंडर्स को 1.85 करोड़ रुपए दिए गए हैं। जबकि 135 मामले लंबित और 201 अस्वीकृत हैं। नगर पालिका परिषद डोंगरगांव में 463 के लक्ष्य के विरुद्ध 459 आवेदन मिले। जिनमें से 280 स्वीकृत कर 274 हितग्राहियों को 44 लाख रुपए बांटे गए। जबकि 102 आवेदन अभी प्रक्रिया में है और 83 निरस्त हुए हैं।

तीन तरह के ऋण

योजना की वित्तीय संरचना छोटे व्यापारियों के लिए बेहद सुगम बनाई गई है। इसके तहत प्रथम चरण में वेंडर्स को 15,000 रुपए का प्रारंभिक ऋण दिया जाता है। इस राशि की नियमित अदायगी करने पर अगली बार 25,000 रुपए और द्वितीय किस्त चुकाने पर तृतीय किस्त के रूप में 50,000 रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराने का प्रावधान है। योजना की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है, जहां आवेदन सीधे बैंकों तक पहुंचते हैं और संबंधित निकाय आवेदक की पहचान व सत्यापन का कार्य करते हैं। इसके अतिरिक्त डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए योजना के तहत नियमित ऑनलाइन भुगतान करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को प्रतिवर्ष 1,200 रुपए तक का कैशबैक प्रोत्साहन भी दिया जाता है।

नगर पंचायतों में भी सकारात्मक असर

नगर पंचायतों में भी योजना का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। नगर पंचायत छुरिया में 148 के लक्ष्य के सामने 204 आवेदन मिले, जहां 137 स्वीकृत कर 126 कारोबारियों को 18 लाख रुपए वितरित किए गए। यहां 22 आवेदन लंबित और 56 निरस्त रहे। नगर पंचायत घुमका में 147 के लक्ष्य के मुकाबले 153 आवेदन आए। जिनमें से स्वीकृत सभी 73 प्रकरणों में शत-प्रतिशत 11 लाख रुपए का वितरण पूरा कर लिया गया है। जबकि 14 मामले विचाराधीन और 66 अस्वीकृत हैं। वहीं नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में 147 के लक्ष्य पर 99 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 53 स्वीकृत कर 36 वेंडर्स को 5 लाख रुपए उपलब्ध कराए गए हैं। जबकि 48 प्रकरण अभी लंबित और 15 निरस्त हैं।

गौहत्या के विरोध में चक्काजाम संरक्षण के लिए कानून की मांग

गाय को राजमाता घोषित करने चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- केंद्र और राज्य सरकार से संरक्षण की दिशा में प्रभावी कानून बनाने की मांग

गौ संरक्षण की मांग को लेकर प्रभावी कानून बनाने के लिए गौ सेवकों द्वारा नगर निगम के समीप बुधवार को धरना प्रदर्शन किया गया। वहीं गौ हत्या और सड़क दुर्घटना में मारी जा रही गाय को लेकर आक्रोश जताते गौ सेवकों ने ओवरब्रिज के समीप चक्काजाम कर दिया।

शहर के गौरीनगर क्षेत्र में गौ हत्या कर मांस बेचे जाने का मामला सामने आने के बाद गौ संरक्षण के लिए तत्काल कानून बनाए जाने को लेकर गौ सेवक एकजुट हो गए हैं। गौमाता के संरक्षण को लेकर चिंता जाहिर करते गौ सेवकों द्वारा धरना प्रदर्शन के माध्यम से केंद्र और राज्य की सरकार से प्रभावी कानून बनाने मांग की गई। गौ सेवकों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया और चक्काजाम करते गौ हत्या एवं दुर्घटनाओं में मारी जा रही गौमाता के मामले में आक्रोश जताया।

प्रदर्शनकारी गौ सेवकों ने कहा कि गौ माता को संरक्षित करने केंद्र की सरकार तत्काल गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करें और इसके लिए प्रदेश सरकार प्रस्ताव बनाकर भेजें, जब तक गौ माता को राष्ट्र माता घोषित नहीं किया जाता है, तब तक प्रदेश की सरकार तत्काल ही गाय को राजमाता घोषित करें।

सड़क पर उतरे गौ सेवक

आजीवन कारावास देने की मांग

चक्काजाम प्रदर्शन के माध्यम से गौ हत्या का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारी शिवशंकर गौर सहित अन्य गौ सेवकों ने कहा कि गौ हत्या से जुड़े आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते उन्हें आजीवन कारावास दिया जाए। वहीं न्यायालय में आरोपियों की पैरवी करने कोई भी वकील उनका केस नहीं लड़े। उन्होंने कहा कि अगर कोई वकील इन अपराधियों का केस लड़ता है तो उसे भी गौमाता विरोधी समझा जाए।

गौ हत्या के विरोध में नारेबाजी

सड़क पर मारे जा रहे गौवंश और गौ हत्या के विरोध में आयोजित किए गए चक्काजाम के दौरान गौ सेवकों ने सड़क पर बैठकर घटना का विरोध करते नारेबाजी की। इस दौरान लगभग 10 मिनट तक खैरागढ़-राजनांदगांव मार्ग से आवागमन बाधित रहा। गौ सेवकों द्वारा अपनी मांगों का ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर को सौंपा गया।

माय एंगल



14 महीने बाद 13 गांव में जमीन की खरीदी-बिक्री पर लगी रोक शिथिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

टेडेसरा–घुमका–कलडबरी–पटेवा मार्ग चौड़ीकरण निर्माण कार्य से प्रभावित 13 गांव में जमीन के अंतरण, बंटवारा, व्यपवर्तन और क्रय-विक्रय पर लगी रोक को कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शिथिल कर दिया है। हालांकि जिन जमीनों पर किसी अन्य परियोजना के कारण अलग से प्रतिबंध लागू है, वहां यह छूट प्रभावी नहीं होगी।

कलेक्टर के आदेश से टेड़ेसरा, फूलझर, नवागांव, मुड़ीपार, बघेरा, परसबोड़, कलडबरी, बरबसपुर, हरडुवा, घुमका, दर्रा, पटेवा और रेंगाकठेरा गांव की संबंधित भूमि प्रभावित होगी। मार्ग चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी होने और आवश्यक अधिसूचना जारी होने तक इन गांवों में जमीन के अंतरण, बंटवारा, व्यपवर्तन और क्रय-विक्रय पर 1 अगस्त 2025 को प्रतिबंध लगाया गया था। बाद में लोक निर्माण विभाग से प्रस्ताव मिलने के बाद प्रतिबंध की स्थिति की समीक्षा की गई। नए आदेश में कहा गया है कि इन 13 गांव की ऐसी भूमि, जिस पर किसी अन्य परियोजना के कारण प्रतिबंध नहीं है, वहां पूर्व में लगाया गया प्रतिबंध शिथिल रहेगा। इससे संबंधित भूमि के सामान्य राजस्व एवं पंजीयन कार्य अब नियमों के अनुसार किए जा सकेंगे।

अंतर्राज्यीय साइबर ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ऑनलाइन साइबर ठगी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसारा प्रार्थी राकेश कुमार भोटे 36 वर्ष निवासी ग्राम कुरुभाट थाना गातापार द्वारा 16 अगस्त को ऑनलाइन धोखाधड़ी के संबंध में लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी। शिकायत के अनुसार अज्ञात आरोपियों द्वारा विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से कुल 1,86,600 रुपए की राशि धोखाधड़ीपूर्वक निकाल ली गई थी। शिकायत पर थाना खैरागढ़ में अंतर्गत धारा 318(4), 317(2), 317(4), 61(2)(क), 238 भारतीय न्याय संहिता तथा धारा 66 सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार प्रकरण की विवेचना के दौरान बैंक खातों एवं उपलब्ध तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपियों की पतासाजी की गई। जांच में आरोपियों द्वारा बैंक खातों का उपयोग ऑनलाइन धोखाधड़ी की रकम के लेन-देन में किए जाने तथा कमीशन के बदले बैंक खाते एवं एटीएम उपलब्ध कराने संबंधी तथ्य सामने आए।

दो पकड़े गए, खाते-फोन की जांच जारी

पुलिस ने आरोपी उज्ज्वल सिंह ढानू 27 वर्ष निवासी दमगड़ा थाना झनकईया जिला ऊधमसिंह नगर उत्तराखंड, वर्तमान निवासी किराये का मकान नैनी बिहार मानपुर पश्चिम हल्द्वानी उत्तराखंड को 17 अक्टूबर को गिरफ्तार किया। आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी जिला नैनीताल के समक्ष प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड प्राप्त किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी सतविंदर सिंह 27 वर्ष निवासी एस-152/305 रोड नंबर 3 अंशुल प्लाजा एंड्रयूज गंज थाना डिफेंस कॉलोनी जिला नई दिल्ली को दिल्ली में पतासाजी कर 18 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को जेएमएफसी न्यायालय साकेत कोर्ट नई दिल्ली के समक्ष प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड प्राप्त किया गया। आरोपियों से संबंधित बैंक खातों, एटीएम कार्ड, पासबुक एवं मोबाइल फोन सहित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों के संबंध में कार्रवाई की गई है। प्रकरण में आरोपियों की भूमिका, बैंक खातों के माध्यम से हुए लेन-देन तथा अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में विस्तृत विवेचना जारी है।

एसआईआर में मतदाताओं के नाम काटने का विरोध, जमकर की नारेबाजी

एसआईआर का विरोध, कांग्रेस ने फूंका चुनाव आयुक्त का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर कांग्रेस द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला फूंका गया। इस दौरान शहर में कांग्रेसजनों ने बाइक रैली निकाली और एसआईआर में मतदाताओं का फर्जी तरीके से नाम काटे जाने को लेकर विरोध जताया। वहीं निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते एसडीएम कार्यालय का घेराव किया गया।

शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा उत्तर-दक्षिण ब्लॉक अध्यक्षों के नेतृत्व में आयोजित की गई बाइक रैली के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए और निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का सामूहिक पठन किया।



प्रजातंत्र की मजबूती का आंदोलन

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने इस प्रदर्शन को लेकर कहा कि एसआईआर के माध्यम से मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। अकेले राजनांदगांव विधानसभा से ही 20 हजार मतदाताओं के नाम काटे गए। कई मतदाताओं के जीवित होने पर भी उनकी मृत्यु बताकर नाम काट दिया गया। वहीं कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के नाम एसआईआर में काटे गए। उन्होंने कहा कि जब तक निर्वाचन प्रक्रिया में प्रदर्शिता नहीं आएगी, तब तक देश का लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता है। श्री मुदलियार ने कहा कि यह आंदोलन प्रजातंत्र को मजबूत करने के लिए है। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि जिनके नाम गलत तरीके से काटा गया है, उनके नाम जोड़े जाए।

शामिल हुए कार्यकर्ता

कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रदर्शन रैली और पुतला दहन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, उत्तर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चेतन भानुशाली, दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश राठौड़, कुलबीर सिंह छाबड़ा, डॉ. आफताब आलम, अशोक फड़णवीस, भागवत साहू, अशोक पंजवानी, डॉ. आर कुमार, विनय झा, राजा तिवारी, बंटी यादव, अभिमन्यु मिश्रा, विशु आजमानी, संदीप सोनी, शैलेष ठाकरे, सुरेंद्र देवांगन, राजेश चौहान, निश्चय बुराडे, मुस्तफा जोया, गोलू नायक सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

मतदाताओं का नाम जोड़ने मांग : एसआईआर के विरोध में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ आयोजित इस रैली के दौरान कांग्रेसजनों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव करते तहसील कार्यालय के सामने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला जलाया और उनके इस्तीफे को लेकर मांग की। इस दौरान कांग्रेसियों ने गलत तरीके से काटे गए मतदाताओं के नाम जोड़े जाने और एसआईआर का पुनरीक्षण कार्य करने को लेकर मांग रखी।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इलपेशेंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

सार समाचार

धूमधाम से निकली विसर्जन यात्रा

घुमका। नगर पंचायत क्षेत्र में बुधवार को मूर्ति विसर्जन यात्रा निकाली गई।



इस अवसर पर दुर्गा उत्सव समिति चंडी मंदिर चौक के आयोजन में मुंदगांव की मां सरस्वती वीणा वादिनी जस गीत पार्टी ने झांकी प्रस्तुति दी। ग्राम में 22 स्थानों पर मां दुर्गा, मां काली, मां शाकंभरी, मां सरस्वती आदि की प्रतिमा स्थापित किया गया। नवरात्र के समापन पर समितियों ने नाचते झूमते विसर्जन यात्रा निकाली। यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।



प्रतिमा का विसर्जन

तुमडीबोड। मचानपार में स्थापित दुर्गा देवी की प्रतिमा का विसर्जन हर्षोल्लास के साथ किया गया। ग्रामीण शोभायात्रा निकालकर सेवा गीत गाते हुए तालाब पहुंचे जहां आरती के साथ माता जी का विसर्जन किया गया।

ट्रेनों के शौचालय बेहद गंदे : संजीव

राजनांदगांव। समाजसेवी संजीव सिंघल ने रेल मंत्री एवं प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर ट्रेन के डिब्बों में शौचालयों के बेहद गंदे होने की शिकायत की है। श्री सिंघल ने कहा कि रेलों में विशेषकर पैसेन्जर व लोकल ट्रेनों के शौचालय बेहद गंदे होते है एवं एक मिनट भी उनके अंदर खड़े होना मुश्किल होता है। कई बार उनमें पर्याप्त पानी भी नहीं होता है। श्री सिंघल ने ट्रेनों एवं प्लेटफार्मों की कई बातों में प्रशंसा की है, किन्तु ट्रेनों के अत्याधिक विलंब से आने तथा गंदगी के बारे में मंत्रीद्वय को अवगत कराया एवं ट्रेनों में सफाई व्यवस्था सुधारने तथा सभी यात्री गाड़ियों के टाइमिंग सुधारने की मांग की है।

दशहरा महोत्सव में शामिल हुए पूर्व सांसद

राजनांदगांव। लखोली वार्ड में युवा संगठन के तत्वावधान में दशहरा महोत्सव को उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक संस्था



लोक सुधा कवर्धा के मंझे हुए कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह व अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने किया। विशेष अतिथि दक्षिण मंडल अध्यक्ष गोलू गुप्ता, सुमीत भाटिया, रोहित चंद्राकर, समाजसेवी सागर चितलांग्या, डॉ. सौरभ मोहबे, पार्षद गिरिजा निर्मलकर, संतोष साहू आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रभु रामचंद्र की भव्य शोभायात्रा के साथ हुई। शोभायात्रा लखोली के पांचों वार्ड के प्रमुख मार्गों से होकर स्कूल मैदान में पहुंची। कार्यक्रम का संचालन संतोष निर्मलकर ने किया। इस महोत्सव को सफल बनाने में फिरोज मेमन, रविन्द्र रामटेके, नरेश साहू, छन्नू साहू, भानु मरकाम, भगवानदास सोनकर, श्रीराम साहू, सौरभ चौहान, शैलेन्द्र साहू, शकुर चौहान, तामेश्वर साहू, नरेंद्र सहारे, दीपक सेन, गुलाब साहू, वाजिद खान एवं देवव्रत लामा आदि का विशेष योगदान रहा।

नुक्कड़ नाटक से 100 परिवार हुए जागरूक

राजनांदगांव। रीड यूथ सोसाइटी एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 17 अक्टूबर को मां पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण में साइबर



जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लगभग 100 परिवारों को साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।नाटक में ओटीपी धोखाधड़ी, एपीके फाइल के जरिये मोबाइल हैकिंग, व्हाट्सऐप हैकिंग, फर्जी बैंक अधिकारी बनकर ठगी तथा डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने लोगों को अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, संदिग्ध एपीके फाइल डाउनलोड करने से बचने तथा ओटीपी और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करने की अपील की। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराधों के बदलते तरीकों से अवगत कराना और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करना था। इस पहल के माध्यम से आमजन को ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी देने के साथ साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में रीड यूथ सोसाइटी के अध्यक्ष तोरण पटेल, लेखाधिकारी योगिता कुंबले, कनिष्का पटेल, तकनीकी अधिकारी चंद्रप्रकाश साहू, साहिल देवांगन तथा सक्रिय सदस्य सोनाली एवं हीना सहित सोसाइटी के अन्य कर्मयोद्धाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

कलेक्टर, एसपी और विस अध्यक्ष को सौंपेगे ज्ञापन

मांस की अवैध बिक्री पर सर्व समाज सख्त,आंदोलन का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में मांस विक्रय की व्यवस्था निर्धारित करने, अवैध दुकानों पर कार्रवाई करने तथा खुले में मांस की बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर बुधवार को अग्रसेन भवन में सर्वसमाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इन मांगों को लेकर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त, महापौर, विधानसभा अध्यक्ष, स्थानीय विधायक एवं सांसद को ज्ञापन सौंपा जाएगा। सुबह दस बजे अग्रसेन भवन में एकत्र होकर सर्व समाज प्रशासन को ज्ञापन सौंपेगा।

बैठक में मांग रखी गई कि शहर में मांस विक्रय एवं परोसने वालों के लिए एक-दो स्थान चिन्हित किए जाएं, ताकि निर्धारित स्थानों पर ही मांस का विक्रय हो। इसके साथ ही अवैध रूप से संचालित दुकानों पर कार्रवाई करने तथा खुले में मांस विक्रय पर रोक लगाने की मांग की गई।



सभी समाज एकजुट

बैठक में खूबचंद पारख, नरेश डाकलिया, सुशील अग्रवाल, नंदकुमार साहू, विनय ढड्ढा, विजय शर्मा, नीरज बाजपेयी, अशोक पांडे, भरत ठक्कर, अशोक लोहिया, शिव वर्मा, अजय सिंगी, बसंत चितलंगिया, मनोज बैद, विष्णु साव, संतोष फाटक, अरुण गुप्ता, राजेश खंडेलवाल, अशोक झांझरी, राजेंद्र सुराणा, रानू जैन, जैनम बैद, अशोक सिंघल, लक्ष्मण लोहिया, योगेश बागड़ी, रमणीक अग्रवाल, बिशन अग्रवाल, शरद अग्रवाल, संजय लोहिया, संजय अग्रवाल एवं पुरुषोत्तम गांधी सहित विभिन्न समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

तीन दिन में कार्रवाई की मांग

सर्वसमाज ने निर्णय लिया कि संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर मांगों पर तीन दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया जाएगा। निर्धारित समयावधि में अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने पर सर्वसमाज द्वारा जन आंदोलन शुरू करने और नगर बंद जैसे कदम उठाने की चेतावनी दी जाएगी। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों ने मांगों को लेकर संगठित रूप से आगे बढ़ने तथा प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखने पर सहमति जताई।

गौ हत्या कांड से पनपा आक्रोश

बैठक में सर्व समाज के लोगों ने गौरीनगर में गौ हत्या कांड को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। समाज प्रमुखो का कहना है कि संस्कारधानी में गौ की हत्या कर उसके मांस की बिक्री की जा रही थी। उन्होंने इस मामले के दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाही करने की मांग भी की है। वहीं सर्व समाज का कहना है कि शहर के गली मोहल्लों में मांस की अवैध बिक्री की जा रही है। इसे नहीं रोका गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

रामेश्वर सिंह का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री शीतला दुर्गा उत्सव समिति सोनारपारा के दुर्गा पंडाल में राज राजेश्वरी सेवा भजन मंडल सोनारपारा के संचालक संतोष देवांगन एवं उनके मंडली के सदस्यों द्वारा 20 अक्टूबर को माता दुर्गा प्रतिमा एवं ज्योत-जंवारा विसर्जन के पूर्व रामेश्वर सिंह चन्देल गुरूजी का आत्मीय सम्मान किया गया।

समारोह में सोनारपारा निवासी भक्तगण एवं अन्य वार्डों से भक्तगणों के साथ-साथ जनसमुदाय एवं श्री शीतला दुर्गा समिति सोनारपारा राजनांदगांव के सदस्यों एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। शाल एवं श्रीफल प्रदान कर गुरूजी का सम्मान किया गया है। समारोह की जानकारी जस मंडली के संचालक संतोष देवांगन सोनारपारा द्वारा दी गई।

कलेक्टर ने विकास कार्यों व योजनाओं का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बुधवार सुबह राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुंदरा पहुंचकर विभिन्न विकास कार्यों एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम में खसरों के भौतिक सत्यापन एवं पॉलिगन निर्माण के लिए किए जा रहे सर्वे कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

कलेक्टर ने ग्राम सुंदरा में वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत संचालित कार्य का भी निरीक्षण किया। श्रमिकों ने बताया कि उन्हें कार्य के लिए प्रतिदिन 300 रुपए मजदूरी प्राप्त होती है।

कलेक्टर ने ग्राम सुंदरा में निर्माणाधीन सिंथेटिक ट्रैक का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी उपस्थित थे।

मेयर ने शिविर में शामिल होने किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा एलिम्को के सहयोग से गत माह 22 से 28 सितम्बर के मध्य जिले के समस्त विकासखण्डों, नगर पंचायतों, नगरीय निकायों में आयोजित दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित शिविरों में चिन्हांकित हितग्राहियों को कल 22 अक्टूबर को स्थानीय शासकीय बौद्धिक मंदता वाले बालक/बालिकाओं के विशेष विद्यालय 18 एकड़ रोड क्रिश्चियन हॉस्पिटल से पहले राजनांदगांव में सुबह 9 से संध्या 4 बजे तक उनके आवश्यकता अनुसार निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण किया जाएगा। पात्र चयनित हितग्राहियों से महापौर मधुसूदन यादव ने आह्वान किया है कि वे अपने मूल आवश्यक दस्तावेज दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधारकार्ड, यूडीआईडी कार्ड, राशनकार्ड आदि के साथ शिविर स्थल तक पहुंचना सुनिश्चित करें।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर राजनांदगांव पुलिस द्वारा देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था एवं आम नागरिकों की रक्षा करते अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीद पुलिस जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक केसीजी लक्ष्य शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन किया गया। साथ ही शहीद परिवारों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके प्रति सम्मान, संवेदना एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई।



परिजनों के प्रति सम्मान व्यक्त

कार्यक्रम के दौरान शहीद जवानों के अद्वितीय साहस, समर्पण और राष्ट्रसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का स्मरण किया गया। राजनांदगांव पुलिस शहीद जवानों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदनशीलता एवं सम्मान व्यक्त की गई।

चाकू दिखाकर डराया, पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आम जगह पर चाकू दिखाकर डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 अक्टूबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम नवागांव कला में मंच के पास रामकृष्ण उर्फ कुंभलाल वर्मा धारदार चाकू रखकर लोगों को डराने-धमकाने से लोगों में भय व्याप्त हो रहा है। सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को रंगे हाथ पकड़कर आरोपी के कब्जे से स्टेनलेस स्टील चाकू जब्त कर आरोपी को 20 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया एवं 21 अक्टूबर को न्यायालय के समक्ष पेश कर ज्युडिशियल रिमांड लिया गया। उपरोक्त कार्रवाई में खैरागढ़ पुलिस स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

गायत्री शक्तिपीठ में वैदिक मंत्र की गूंज



■ परिवार की खुशहाली के लिए मांगी दुआएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शारदीय नवरात्र अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि नवमी पूजन व पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। उक्त यज्ञायोजन में बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों व सनातन धर्मी नर-नारियों ने भाग लिया और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच इदं नमम् स्वाहा कहते जगज्जननी वेद माता गायत्री को आहूतियां प्रदान की। नवरात्रि पर्व के दौरान नौ दिनों तक जप-तप, पूजा-अनुष्ठान, ध्यान, साधना उपासना किए हुए भक्तों ने वेद माता के चरणों में शीश नवाकर अपने घर-परिवार की सुख-शांति और खुशहाली की दुआएं मांगी और सर्वे भवन्तु सुखिन की कामना की।

गायत्री महायज्ञ अवसर पर मंदिर के पुरोहित सुखनंदन द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञोपवित,दीक्षा, नामकरण, मूंडन, पुंसवन, गर्भाधान आदि विभिन्न संस्कार संपन्न कराए गए। यज्ञायोजन का संचालन नृपाराम द्वारा कराया गया। वहीं वासुदेव हिरवानी के वाद्य वादन में गायत्री परिवार के युग संगीत का माहौल बना रहा।

51 अखंड ज्योति रही प्रज्जवलित

गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या ने बताया कि शारदीय नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा शक्तिपीठ में 51 अखंड ज्योति का प्रज्ज्वलन किया गया। वहीं नौ दिनों तक सामूहिक जप-तप का भी कार्यक्रम बना रहा। उन्होंने बताया कि परमपूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य व वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में आयोजित पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में साधक जन आदि शक्ति का स्मरण करते राष्ट्र कल्याण व जनकल्याण की कामना से आहुतियां समर्पित की। इस दौरान बृजकिशोर सुरजन नंदकिशोर सुरजन, जयंती भाई पटेल, मुरलीधर चौधरी, मोहन पटेल, हिरेन ठक्कर, ओमप्रकाश साहू, हरीश गांधी, गोविंद, डॉ. दुलेश्वर साहू, धनसाय साहू, बद्रीनाथ, सालिगराम साहू, बिहारीलाल ठाकुर, गोपाल चौरसिया, भेष कुमार साहू, योगेश साहू, ओमप्रकाश साहू, देवशरण, अंजनी कोशा, जयंती साहू, मीता ठक्कर, रुपाली गांधी, जानकी साहू, पुष्पा साहू आदि सहित उपस्थित रहे। अंत में महाप्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तजनों ने महाप्रसादी ग्रहण की।

स्कूल में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

■ ढाई लाख की सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

अचानकपुर के स्कूल में गत दिनों लाखों के समानों की चोरी हो गई थी। मोहगांव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे एवं निशानदेही पर चोरी की गई सामग्री तथा घटना से संबंधित सामान बरामद किया है। बरामद सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग ढाई लाख है।

जानकारी के अनुसार गत एक अक्टूबर को अजानकपुर स्थित पूर्व माध्यमिक शाला में चोरी की घटना हुई थी। अज्ञात चोर विभिन्न कमरों में रखे शैक्षणिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, बर्तन आदि ले गए थे। मोहगांव पुलिस ने विवेचना के दौरान संदेहियों की पहचान कर मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें रोनक कुमार उर्फ शिव निवासी थावरी, लोचन पटेल उर्फ बाउज तथा अरुण गोसाई थाना गंडई क्षेत्र शामिल है।



चोरी के सामान बरामद

जानकारी अनुसार आरोपियों के कब्जे एवं उनकी निशानदेही पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, शैक्षणिक सामग्री, बर्तन आदि बरामद कर लिया गया है जिसकी अनुमानित कीमत ढाई लाख के करीब है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

राजा ने किया मिट्टी के रावण का वध, झांकियों को देखने उमड़ी भीड़

दशहरे पर शाही ठाठ-बाठ के साथ निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

शहीद नगरी छुईखदान में विजयादशमी पर्व परंपरा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित आयोजन में मिट्टी के रावण का वध कर राजा गिरिराज किशोर दास ने क्षेत्रवासियों को दशहरा पर्व की बधाई दी। राजा की शाही सवारी देखने के लिए नगर सहित ग्रामीण अंचलों से हजारों लोग उमड़ पड़े थे। वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार राजपरिवार का शाही दशहरा आकर्षण का केंद्र रहा। मंगलवार शाम को राजमहल से निकली राजा की सवारी को देखने के लिए सड़कों पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। शाही ठाठ-बाठ से सजी बग्गी में निकली राजा की सवारी के साथ समर्थकों और क्षेत्रवासियों का विशाल हुजूम चल रहा था।

रैनी भांठा में हुआ रावण वध

उत्सव के दौरान रैनी भांठा में रावण वध का आयोजन किया गया। इसके बाद राजपरिवार की शाही सवारी के साथ विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस में हजारों की संख्या में ग्रामीण, नगरवासी और युवा शामिल हुए। डीजे की धुन पर थिरकते युवाओं और जयकारों से पूरा क्षेत्र उत्सवी रंग में रंग गया। जगह-जगह आतिशबाजी कर लोगों ने पर्व की खुशियां मनाईं। जुलूस राजमहल से निकलकर जैन मोहल्ला होते हुए बाजार लाइन पहुंचा। यहां संजीव दुबे के परिवार ने पूजा-अर्चना कर राजा का स्वागत किया। इसके बाद विजय जुलूस जय स्तंभ चौक की ओर बढ़ा।



आकर्षक झांकियों ने लुभाया

शाही सवारी और आकर्षक झांकियों को देखने के लिए विभिन्न मार्गों पर हजारों की संख्या में नागरिक एकत्रित हुए। लोग इस ऐतिहासिक पल को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते नजर आए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में दशहरा को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। आयोजन में राजा गिरिराज किशोर दास के साथ दोनों युवराज, राज पुरोहित पं. विपिन तिवारी, लाल किरण किशोर दास सहभागी बने।

राजमाता और रानी ने किया स्वागत

विजय जुलूस के राजमहल पहुंचने पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार राजमाता और रानी नम्रता देवी ने तिलक लगाकर राजा का स्वागत किया। वहीं विभिन्न अंचलों से पहुंचे लोगों ने राजा गिरिराज किशोर दास को पान, मिठाई सहित विभिन्न भेंट अर्पित किया। दशहरे की एक खास पहचान यहां की पान परंपरा है। राजशाही के दौर से चली आ रही पान की खेती और पान खिलाने की रस्म आज भी लोगों की आस्था से जुड़ी है। रावण वध के बाद लोग अपने घर पहुंचते हैं, जहां महिलाएं तिलक लगाकर उनका स्वागत करती हैं और पान का बीड़ा खिलाती हैं।

आयोजन में शामिल हुए हजारों लोग

दशहरा उत्सव समिति ने फ्रुटबाल मैदान में रावण दहन का आयोजन किया था। यहां राजा गिरिराज किशोर दास का शाही जुलूस रावण का वध कर दशहरा मैदान पहुंचा। यहां दशहरा उत्सव समिति और नगर पंचायत ने रावण दहन के बाद आतिशबाजी का आयोजन किया था जिसे देखने क्षेत्र से लगभग 20 हजार दर्शक उपस्थित रहे। उसके बाद लोक संध्या रायपुर का आयोजन किया गया। इस दौरान दशहरा उत्सव समिति के अनिमेष महोबिया, अनुराग सोनी, निलेश गुप्ता, शैव्या वैष्णव, प्रयास जैन, सज्जाक खान, संजय महोबिया, प्रकाश महोबिया, मनीष कोचर, पन्ना मंडावी, महेश नारकर, डब्बू भाई सहित अन्य उपस्थित थे।



खबर संक्षेप

नम आंखों से मां दुर्गा को दी गई भावभीनी विदाई

कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में शारदीय नवरात्रि एवं विजयादशमी के बाद मां दुर्गा की पांच प्रतिमाओं का एक साथ श्रद्धा, उत्साह और भावुक माहौल के बीच विसर्जन किया गया। इस दौरान पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। बाजे-गाजे, डीजे और आतिशबाजी के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते हुए मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए लेकर निकले। इस दौरान जय माता दी जयकारों से वातावरण गूंज उठा। ग्राम कोलेगांव सहित भगतपुर, धनेली, मोहतरा कला, बसनी, घोरपेंड्री, दामापुर, कुण्डा, कुआंमालगी, सेमरकोना, पीपरमाटी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी नवरात्रि पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कोलेगांव में एक साथ पांच प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं घरों में माताओं-बहनों द्वारा थालियां सजाकर मां का स्वागत किया गया तथा पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। विसर्जन के दौरान मां महामाया समिति, शारदा समिति, बूढ़ा महादेव समिति, बजरंग दल समिति सहित अन्य समितियों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन में श्रद्धा और भक्ति के साथ-साथ मां की विदाई का भावुक दृश्य भी देखने को मिला। प्रतिमाओं को तालाबों में विधि-विधान से विसर्जित किया गया। इस अवसर पर दिनेश पाण्डेय, नकुल सिंह चौहान, गुरुनद, धनु साहू, रामलोचन साहू, राजू यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थें।



मां दुर्गा प्रतिमाओं का संकीर्तन-भजन कर किया विसर्जित

बरबसपुर। ग्राम सारंगपुर खुर्द में जय मां महामाया दुर्गा उत्सव समिति द्वारा नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी, जिनकी 9 दिनों तक भक्तजनों द्वारा श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा-आरती की गई, सेवा गीत, भक्ति भजन के अलावा प्रसाद वितरण किया गया। नवरात्रि पर गांव का वातावरण पूरी तरह देवी आराधना भक्ति में डूबा रहा। वहीं मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं को सामूहिक रूप से ढोलक, झांझ, मंजीरा बजाते हुए माता के सेवा गीत-गायन हुए व पारंपरिक संकीर्तन भजन करते हुए एकजुटता के साथ गांव की गलियों में शोभायात्रा निकाली गई। तत्पश्चात विधि-विधान से तालाब में विसर्जन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दुर्गा उत्सव समिति के लोग उपस्थित थें।



नवरात्रि में पतंजलि योग समिति द्वारा गायत्री महामंत्र का विशेष अनुष्ठान संपन्न

कवर्धा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर पतंजलि योग समिति कवर्धा की ओर से श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ गायत्री महामंत्र का विशेष अनुष्ठान संपन्न हुआ। नौ दिनों तक आयोजित इस आध्यात्मिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में योग साधक-साधिकाओं ने भाग लेकर सामूहिक मंत्र जाप, ध्यान एवं साधना की। अनुष्ठान के माध्यम से विश्व शांति, मानव कल्याण, सुख-समृद्धि एवं समाज में सकारात्मक ऊर्जा के संचार की कामना की गई। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी यज्ञाचार्य सुरेश चंद्रवंशी ने बताया कि गायत्री महामंत्र वेदों का सार व मोक्षदायनी है। इसके नियमित जाप एवं ध्यान से मन की एकाग्रता, आत्मिक उन्नति, शांति तथा सकारात्मक विचारों को बढ़ावा मिलता है। स्वामी रामदेव महराज की प्रेरणा व आशीर्वाद से योग, प्राणायाम, ध्यान और आध्यात्मिक साधना को जन-जन तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पतंजलि प्रांत प्रभारी किसान सेवा समिति के गणेश तिवारी विशेष रूप से शामिल हुए। अनुष्ठान में मुख्य यजमान के रूप में डॉ सियाराम साहू, मन्नू चंदेल व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, राकेश साहू, शशि राजपूत, प्रभाकर शुक्ला, भारत स्वाभिमान के जिला संयोजक अजय चंद्रवंशी, रोहित जायसवाल, महिला पतंजलि की उमा चंद्रवंशी, श्रीमती विनिता चंद्रवंशी, महामंत्री रामचंद्र जायसवाल, संगठन महामंत्री अशोक चंद्रवंशी, तहसील प्रभारी बाली वर्मा, कृष्णा साहू सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्यजन एवं योग साधक साधिकाएं उपस्थित थें।

जिले में 37 नए धान खरीदी केंद्र खुले, धान बेचने किसानों को मिलेगी सुविधा

विजय शर्मा की पहल, प्रदेश में सबसे ज्यादा 48 नई समितियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

किसानों को धान बेचने के लिए दूर न जाना पड़े और उन्हें अपने क्षेत्र में ही खरीदी की सुविधा मिले, इसके लिए कबीरधाम जिले में सहकारी समितियों का विस्तार किया गया है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से जिले में प्रदेश में सर्वाधिक 48 नई सहकारी समितियों का गठन किया गया है। इसके साथ ही 37 नए धान उपार्जन केंद्र भी खोले गए हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश में कुल 525 नई सहकारी समितियां गठित की गई हैं, जिनमें सबसे अधिक 48 समितियां कबीरधाम जिले में हैं।



नई समितियों और खरीदी केंद्रों से किसानों को धान बेचने के लिए नजदीकी विकल्प मिलेंगे। इससे दूर के केंद्रों तक धान ले जाने में लगने वाले समय और परिवहन खर्च में कमी आएगी। जिले में धान खरीदी व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत धान खरीदी कार्य के सुचारू, व्यवस्थित एवं पारदर्शी संचालन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने धान खरीदी की तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने तथा किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। किसानों को धान बेचने के लिए दूर न जाना पड़े और उन्हें अपने क्षेत्र में ही खरीदी की सुविधा मिले, इसके लिए कबीरधाम जिले में सहकारी समितियों का विस्तार किया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा की पहल से जिले में प्रदेश में सर्वाधिक 48 नई सहकारी समितियों का गठन किया गया है।

इसके साथ ही 37 नए धान उपार्जन केंद्र भी खोले गए हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश में कुल 525 नई सहकारी समितियां गठित की गई हैं। जिनमें सबसे अधिक 48 समितियां कबीरधाम जिले में हैं। नई समितियों और खरीदी केंद्रों से किसानों को धान बेचने के लिए नजदीकी विकल्प मिलेंगे। इससे दूर के केंद्रों तक धान ले जाने में लगने वाले समय और परिवहन खर्च में कमी आएगी। जिले में धान खरीदी व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं।

आज गांवों में पढ़कर सुनाई जाएगी किसानों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सूची



धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए जिले के सभी 145 पुराने एवं नवीन सहकारी समितियों तथा धान उपार्जन केंद्रों में ग्रामों के संलग्नीकरण से संबंधित गैपिंग आदेश का वाचन 22 अक्टूबर गुरुवार को किया जाएगा। इस दौरान संबंधित ग्रामों के सरपंच, पंचगण, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं किसानों की उपस्थिति में सूची का वाचन किया जाएगा। वाचन प्रक्रिया के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि समितियों एवं उपार्जन केंद्रों में ग्रामों का संलग्नीकरण किसानों की सुविधा के अनुरूप एवं सर्वमान्य हो। आवश्यकतानुसार संशोधन के प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए जा सकेंगे। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद किसी भी प्रकार का संशोधन मान्य नहीं होगा।

भावुक होकर माता रानी को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के समापन पर समूचे नगर पिपरिया श्रद्धा एवं संस्कृति परंपराओं की अद्भुत संगम का साक्षी बना। 9 दिनों तक मां जगदंबा की अनन्य साधना और पूजा-अर्चना के पश्चात सुबह से ही मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन का सिलसिला जारी रहा। डीजे एवं धूमाल की धुन पर जयकारों की गूंज और श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी को भावुक होकर विदाई दी गई। शहर सहित अंचल तक पूरा वातावरण जय माता दी के उद्घोष से गुंजायमान रहा, विभिन्न पंडालों पर स्थापित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाओं को पूर्ण विधि-विधान के साथ पूजन किया गया, मांदर की थाप और पारंपरिक भजनों पर महिला-पुरुष, युवा व श्रद्धालु गण नाचते गाते-झूमते हुए विसर्जन यात्रा के लिए वाहनों को आकर्षक रूप से सजाया गया, इसी कड़ी में पिपरिया में विराजमान मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन अत्यंत धूमधाम उल्लास के साथ संपन्न हुआ। विसर्जन के दौरान सकरी नदी के आसपास श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली।

विजयादशमी का पर्व सत्य, धर्म और मर्यादा की जीत का प्रतीक

दशहरा उत्सव में शामिल हुईं विधायक भावना बोहरा

- भव्यता और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के लिए समिति को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

विजयादशमी के पावन अवसर पर मां महामाया दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान में भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक भावना बोहरा हुईं।

उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए आयोजन की भव्यता और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के लिए आयोजन समिति एवं नगरवासियों को बधाई दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध गायिका श्वेता महिमा दास और गायक नवीन साहू द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। हजारों की संख्या में उपस्थित नगर एवं क्षेत्रवासियों ने उत्साह और उल्लास के साथ इस पर्व में सहभागिता की।



इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि विजयादशमी का पर्व हमें स्मरण कराता है कि जीवन में वास्तविक जीत सत्य, सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलने से प्राप्त होती है।

प्रभु श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और लोककल्याण की अनुपम मिशाल है। उनके आदर्श हमें सिखाते हैं कि परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, अपने सिद्धांतों और कर्तव्यों से कभी विमुख नहीं होना चाहिए। यह पर्व हमें अपने भीतर की बुराइयों को पहचानने, अहंकार का त्याग करने और समाज में प्रेम, सहयोग एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है।

मर्यादा, न्याय व जनकल्याण ही आदर्श जीवन के आधार

भावना बोहरा ने कहा कि दशहरा केवल रावण दहन अथवा उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि स्वयं के आचरण का मूल्यांकन करने और समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझने का भी पर्व है। भगवान श्रीराम ने अपने आचरण से सिद्ध किया कि मर्यादा, न्याय और जनकल्याण ही आदर्श जीवन के आधार हैं। यदि हम उनके बताए मार्ग पर चलें, तो परिवार से लेकर समाज और राष्ट्र तक सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत नींव रख सकते हैं। हमारी सांस्कृतिक परंपराएं हमें एकजुट रहने, एक-दूसरे का सम्मान करने और समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने की प्रेरणा देती हैं।

ओम यदु कुण्डा तहसील विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

- क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी हर्ष का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव/कुण्डा

पंडरिया विधानसभा की विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक आदेश जारी करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा एवं जिला अध्यक्ष सर्व यादव समाज कवर्धा ओम प्रकाश यदु को कुण्डा तहसील क्षेत्र अंतर्गत विधायक प्रतिनिधि के रूप में अधिकृत किया है।



विधायक कार्यालय पंडरिया से जारी पत्र क्रमांक पीएनडी-71/26/2349 के अनुसार बुधवार को तहसीलदार, कुण्डा तहसील को प्रेषित पत्र में विधायक ने ओम यदु को कुण्डा तहसील क्षेत्र के राजस्व संबंधी मामले, आयोजित सभी आवश्यक बैठकों, कार्यक्रमों एवं प्रशासनिक चर्चाओं में भाग लेने तथा क्षेत्र की जनता से जुड़े मुद्दों को संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने हेतु अधिकृत किया है। नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधि ओम यदु ने पंडरिया विधानसभा की विधायक श्रीमती भावना बोहरा का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकर्ता पर विश्वास जताकर इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। यह मेरे लिए पद नहीं, बल्कि सेवा का अवसर है।

उन्होने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला संगठन का भी आभार व्यक्त किया साथ ही विधायक प्रतिनिधि के रूप में कुण्डा तहसील के प्रत्येक गांव के लोगों के राजस्व, नामांतरण, बंटवारा, जाति-निवास जैसे कार्यों को सरलता से कराने और जनसमस्याओं को तहसील से लेकर विधानसभा तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करूंगा।

वहीं कुण्डा सहित आसपास के क्षेत्र में हर्ष का माहौल है, ओम प्रकाश यदु की नियुक्ति से कुण्डा मण्डल सहित पूरे पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम नंदनी-कुमान में घर-घर स्वास्थ्य परीक्षण एवं सर्वे

कवर्धा। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम नंदनी-कुमान में घर-घर पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं सर्वे किया गया। अभियान के तहत गांव के प्रत्येक बच्चे के स्वास्थ्य की जांच की गई, ताकि बच्चों में किसी भी प्रकार की बीमारी, कुपोषण अथवा शारीरिक कमजोरी के लक्षण पाए जाने पर समय रहते आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित थें। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति का आकलन करते हुए उनकी आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति की जानकारी प्राप्त करना, संभावित स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान करना तथा जरूरत के अनुसार उपचार और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना है। उन्होंने जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली।

प्रथम वर्षगांठ पर उमड़ा जनसैलाब, सैकड़ों लोगों ने ग्रहण किया भोजन

सीता रसोई का एक साल पूरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

नर सेवा ही नारायण सेवा व अब कोई नहीं रहेगा भूखा के पावन संकल्प के साथ पंडरिया क्षेत्र में सामाजिक सरोकार की अनूठी मिशाल पेश कर रही मानव सेवा समिति द्वारा संचालित सीता रसोई का एक वर्ष का सफल कार्यकाल पूर्ण हो गया है। इस अवसर पर बुधवार को सीता रसोई परिसर में प्रथम वार्षिकोत्सव एवं आभार समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

इस गरिमामय कार्यक्रम में नगर व क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों, श्रद्धालुओं, किसानों और राहगीरों ने पहुंचकर भोजन प्रसादी ग्रहण किया। उपस्थित जन समुदाय ने मानव सेवा समिति के इस निस्वार्थ सेवा कार्य और एक वर्ष की ऐतिहासिक उपलब्धि की मुक्तकंठ से सराहना की। सीता रसोई की शुरुआत समिति के सदस्यों के अतुलनीय समर्पण का परिणाम है। इस रसोई को शुरू करने के लिए समिति के प्रत्येक सदस्य ने शुरुआती दौर में प्रति सदस्य 25 हजार रूपए की राशि का सामूहिक अंशदान एकत्र कर इस महापुण्य अभियान की मजबूत नींव रखी थी। इस कल्याणकारी कार्यों में अग्रसर मानव सेवा समिति पंडरिया के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों इस सफल वार्षिकोत्सव पर सभी दानदाताओं, जनप्रतिनिधियों, नगरवासियों और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

नगर व क्षेत्र के 41 हजार से अधिक लाभार्थियों ने 30 रूपए में भरपेट किया भोजन

यहां बताना लाजिमी होगा कि सीता रसोई के माध्यम से मात्र 30 रूपए में शुद्ध, स्वादिष्ट और पौष्टिक भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। पिछले 365 दिनों के निरंतर सफर में अब तक 41 हजार से अधिक जरूरतमंदों ने यहां भोजन प्रसाद का लाभ उठाया है। समय-समय पर नगरवासियों और क्षेत्रवासियों ने अपने वैवाहिक वर्षगांठ, जन्मदिन एवं परिजनों की स्मृति जैसे शुभ अवसरों पर विशेष भोजन सहयोग प्रदान किया। साथ ही इस प्रेरणादायक रसोई का विधिवत उद्घाटन पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के कर-कमलों द्वारा शुभारंभ किया गया था वहीं विशेष सहयोग तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ठाकुर का भी समिति को समय-समय पर मार्गदर्शन व विशेष सहयोग मिलता रहा है। उनके सहयोग से ही रसोई परिसर में आगंतुकों व श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु वाटर कूलर तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाए साथ ही साथ दानदाताओं को स्थायी रूप से जोड़ने और प्रोत्साहित करने के लिए समिति द्वारा एक विशेष सेवा सहयोग योजना चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत 11,500 रूपए का सेवा सहयोग देने वाले दानदाता परिवार के एक सदस्य की फोटो व विवरण के साथ सेवा पट्टिका सीता रसोई परिसर में प्रदर्शित की जाती है, जिसे क्षेत्र में व्यापक सराहना मिल रही है।

बाजे-गाजे, डीजे की धुन में मां दुर्गा को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

शारदीय नवरात्रि के नौ दिनों तक भक्तों के हृदय में वास कर मंगल और शक्ति का आशीर्वाद देने वाली जगत जननी मां दुर्गा को ग्राम कुण्डा में बुधवार को अत्यंत श्रद्धा, आस्था और भावुक माहौल के बीच नम आंखों से विदाई दी गई। पूरा ग्राम जय माता दी व गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। महाआरती से हुई मां दुर्गा पंडालों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन, कन्या भोज और हलुआ वितरण के पश्चात दोपहर 12 बजे मां की महाआरती की गई। आरती के पश्चात मां दुर्गा की प्रतिमाओं को दुल्हन की तरह सजाकर भव्य शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण के लिए निकाला गया।

डीजे की भक्तिमय धुनों, ढोल-नगाड़ों पर युवा जमकर झूमे, तो महिलाएं सिर पर कलश और बच्चे हाथों में ध्वजा लिए जयकारे लगाते हुए चल रही थीं। यहां बताना लाजिमी होगा कि कुण्डा में प्राचीन परम्परा के अनुसार शोभायात्रा में माता रानी को ग्राम के सभी देवी-देवताओं से भेंट कराई गई। ग्राम के प्राचीन मां महामाया मंदिर में प्रथम भेंट और आरती पूजन के पश्चात बारहों समिति के सदस्यों ने आतिशबाजी के साथ कतारबद्ध तरीके से नगर भ्रमण कराया। शोभायात्रा मां महामाया मंदिर के बाद बजरंगबली मंदिर, मां शक्ति माई मंदिर, ठाकुरदेव मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, थाना के पास स्थित मां दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर, श्रीहरि मंदिर, रामस्वरूप साहू निवास में स्थित बारह ज्योतिर्लिंग मंदिर, शांति नगर मंदिर, तालाब पर स्थित शिव मंदिर, पारधी पारा स्थित हनुमान-दुर्गा मंदिर, महावीर चौक हनुमान मंदिर और अंत में धापपार स्थित सतबहनिया मंदिर में श्रीफल भेंट कर ग्राम की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की गई।

प्रत्येक मंदिर में पुजारियों द्वारा मां का स्वागत कर विशेष आरती उतारी गई। वहीं नगर भ्रमण के पश्चात भव्य शोभायात्रा हॉप नदी तट पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।



खबर संक्षेप

5 लाख 46 हजार 800 रूपए की स्वीकृति

कवर्धा। उपमुख्यमंत्री व कवर्धा



विधायक विजय शर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति द्वारा कवर्धा विधानसभा के अलग-अलग ग्रामों में निर्माण कार्यों के लिए 5 लाख 46 हजार 800 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा, बोड़ला और विद्युत विभाग को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा की अनुशंसा से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुसुमघटा में शनिदेव मंदिर के पास सामुदायिक भवन मरम्मत कार्य के लिए 1 लाख रूपए, ग्राम पंचायत बड़ौदाखुर्द में मुरूम सड़क निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रूपए और कवर्धा कैलाश वार्ड नं 3 में एललाईन शिफिटंग के लिए 1 लाख 46 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

पुरस्कार के लिए आवेदन 25 अक्टूबर तक

कवर्धा। दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, उनके अधिकारों के संरक्षण तथा दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार 2026 के लिए विभिन्न संवर्गों से उत्कृष्ट प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। इस पुरस्कार के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांग कर्मचारियों, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संस्थाओं, सर्वोत्तम जिले तथा उत्कृष्ट नियोक्ताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों से पात्र दिव्यांग कर्मचारियों एवं संस्थाओं के प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा अपील की गई है कि यदि किसी विभाग के अंतर्गत पुरस्कार के लिए पात्र दिव्यांग कर्मचारी अथवा दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वैच्छिक संस्था उपलब्ध हो, तो उनकी प्रविष्टियां निर्धारित पात्रता के अनुरूप तैयार कर 25 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से विभाग को उपलब्ध कराएं।

जयकारों और आतिशबाजी के बीच मां दुर्गा दाई को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

क्वांर नवरात्र पर्व के समापन के बाद कवर्धा नगर सहित जिलेभर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से किया गया। महाअष्टमी पर हवन-पूजन और विधिवत आराधना के बाद दुर्गोत्सव समितियों ने आकर्षक झांकियों के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली।

बुधवार सुबह से शुरू हुआ विसर्जन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इस दौरान पूरा नगर मां दुर्गा के जयकारों, बैंड-बाजे और डीजे की धुन से भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। नगर की विभिन्न दुर्गोत्सव समितियों ने मां जगत जननी की प्रतिमाओं को सजे-धजे ट्रक, ट्रैक्टर और मेटाडोर में विराजित कर भव्य शोभायात्रा निकाली। वाहनों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। शोभायात्रा में शामिल युवाओं की टोलियां बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर नाचते-गाते आगे बढ़ रही थीं। वहीं, आतिशबाजी और गुलाल की बौछार के बीच श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को भावभीनी विदाई दी।

विसर्जन शोभायात्राओं को ठाकुर पारा, ऋषभ देव चौक, महावीर स्वामी चौक, आजाद चौक, गुरुनानक गेट, इंदिरा चौक, नवीन बाजार चौक, वीर स्तंभ चौक, शिवाजी चौक, करपात्री चौक, राजमहल चौक, अंबेडकर चौक, पुरानी कचहरी और शीतला चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण कराया गया। इसके बाद प्रतिमाओं को सकरी नदी, सरोधा जलाशय, भोरमदेव क्षेत्र सहित अन्य जलाशयों में विसर्जित किया गया। इस दौरान समितियों के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

दस दिनों तक सजा रहा माता रानी का दरबार

नवरात्र पर्व के दौरान नगर में विभिन्न समितियों ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रतिमाएं स्थापित कर भव्य साज-सज्जा की थी। कुछ समितियों ने आकर्षक और जीवंत झांकियां भी प्रस्तुत कीं, जिन्हें देखने के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। दस दिनों तक चले धार्मिक आयोजनों के बाद विसर्जन के साथ ही नवरात्र उत्सव का समापन हुआ।

विसर्जन से पूर्व समिति सदस्यों ने मां दुर्गा से मांगी माफी



नवरात्र पर्व के अंतिम दिन विसर्जन से पूर्व तमाम दुर्गोत्सव समितियों के सदस्यों व पदाधिकारियों ने पर्व के दौरान जाने अंजाने हुई अपनी गलतियों के लिए मां जगत जननी की प्रतिमा के सामने हांथ जोड़कर, कान पकड़कर और उठक बैठक कर माफी मांगी तथा मां से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कई श्रद्धालु भावुक भी नजर आए।

कवर्धा सहित जिले भर में दिखा उत्साह

कवर्धा के अलावा पिपरिया, बोड़ला, सहसपुर लोहारा, पंडरिया, पांडातराई और कुंडा सहित अन्य क्षेत्रों में भी गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए कवर्धा नगर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। श्रद्धा, उल्लास और भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष मां दुर्गा के पुनः आगमन की कामना के साथ विदाई दी।

समस्या: सरेखा में तेंदुए ने किया पालतू कुत्ते का शिकार, दहशत

कवर्धा के बाद अब ग्राम सरेखा बटालियन में तेंदुए की दस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा और आसपास के क्षेत्रों में तेंदुए की सक्रियता से दहशत का माहौल बना हुआ है। हाल ही में शहर के स्नेहा अस्पताल परिसर में तेंदुए की मौजूदगी सामने आने के बाद अब कवर्धा से लगे ग्राम सरेखा स्थित 17वीं बटालियन परिसर में तेंदुआ विचरण करते हुए दिखाई दिया है। यहां तेंदुए ने एक पालतू कुत्ते का शिकार किया।

वहीं, परिसर में एक जवान के करीब तेंदुए के पहुंचने की भी जानकारी सामने आई है। जवान ने भागकर अपनी जान बचाई। पूरी घटना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद बटालियन परिसर में रहने वाले परिवारों और आसपास के लोगों में भय का माहौल है। रिहायशी इलाके के नजदीक तेंदुए की मौजूदगी से लोगों की चिंता बढ़ गई है। लोगों को आशंका है कि यदि तेंदुआ आबादी वाले क्षेत्र में लगातार विचरण करता रहा, तो किसी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। वनकर्मी क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी का पता लगाने और उसकी लोकेशन ट्रेस करने में जुटे हैं। तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। हालांकि, तेंदुए को पकड़े जाने या रेस्क्यू किए जाने की फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

ग्रामीणों और रहवासियों को सतर्क रहने की सलाह



वन विभाग ने आसपास के ग्रामीणों और रिहायशी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। लोगों से रात के समय अकेले बाहर नहीं निकलने, सुनसान स्थानों पर जाने से बचने तथा पालतू पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखने की अपील की गई है। तेंदुए की लगातार सामने आ रही मौजूदगी को देखते हुए क्षेत्र में सावधानी बरतना जरूरी हो गया है।

लगातार जिले के आबादी क्षेत्र के करीब पहुंच रहा तेंदुआ

कवर्धा शहर और आसपास के क्षेत्रों में तेंदुए की मौजूदगी की घटनाएं सामने आने से लोगों में चिंता बढ़ रही है। स्नेहा अस्पताल के बाद अब 17वीं बटालियन परिसर में तेंदुए के दिखाई देने और कुत्ते का शिकार किए जाने की घटना ने वन्यप्राणी की आवाजाही को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसे में वन विभाग के सामने तेंदुए की लोकेशन का पता लगाकर उसे सुरक्षित तरीके से पकड़ने की चुनौती है, ताकि लोगों और वन्यप्राणी दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

मारपीट कर बाइक व मोबाइल लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

- लूट का सामान बरामद, न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के दशरंगपुर में मारपीट कर मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन लूटने के मामले में पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र निषाद, नि वा सी दशरंगपुर, को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटी गई डि स्क व र मो ट र सा इ कि ल और वीवो मोबाइल फोन, कुल कीमत 70 हजार रुपये, बरामद कर जप्त किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 17 अक्टूबर 2026 की रात ग्राम भीमपुरी, जिला बेमेतरा निवासी दिनेश वर्मा दशरंगपुर स्थित गौधाम के पास मौजूद था। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने उसका रास्ता रोककर अश्लील गाली-गलौज की और मारपीट करने लगा। इसके बाद आरोपी उसकी मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन लूटकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद प्रार्थी दिनेश वर्मा की रिपोर्ट पर चौकी दशरंगपुर, थाना पिपरिया में अपराध क्रमांक 327/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(3), 126(2) एवं 309(4) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान घटनाक्रम से जुड़े साक्ष्य जुटाए और संदिग्धों से पूछताछ की।

विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने धर्मेन्द्र निषाद को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर उसके कब्जे से लूटी गई डिस्कवर मोटरसाइकिल और वीवो मोबाइल फोन बरामद किए गए। दोनों सामान को गवाहों की उपस्थिति में विधिवत जप्त किया गया। बरामद सामान की कुल कीमत लगभग 70 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

विजयादशमी कार्यक्रम में शामिल हुए विजय शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा आज विजयादशमी के पावन अवसर पर कबीरधाम जिले के कवर्धा स्थित छीरपानी कॉलोनी में आयोजित दशहरा उत्सव में शामिल हुए।

उन्होंने दशहरा पर्व की पारंपरिक मान्यताओं के अनुरूप भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं हनुमान भगवान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा रावण दहन कार्यक्रम में शामिल होकर बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सपरिवार मां दुर्गा पंडाल में आरती में शामिल होकर माता बम्लेश्वरी की आराधना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

टीचर्स एसोसिएशन के प्रयास से जिले के 1786 शिक्षकों को मिली परीक्षा में बैठने की अनुमति

- जिले के 1786 शिक्षकों को मिली परीक्षा में बैठने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

टीचर्स एसोसिएशन द्वारा शिक्षकों के हित में किए गए सतत प्रयास का सार्थक परिणाम सामने आया है, जिसके तहत जिले के 1786 शिक्षकों को उच्च परीक्षा व अन्य सेवा सम्बंधी परीक्षा में बैठने के लिए अनुमति मिला है, जिसमें ब्लॉक कवर्धा के 690, बोड़ला के 257, स.लोहारा के 542 एवं पंडरिया के 297 शिक्षकों का नाम शामिल है।

इस सम्बन्ध में एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में विगत 13 अगस्त को जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा एवं 10 सितंबर को शिक्षा संभाग दुर्ग के संयुक्त संचालक डॉ. के. वेंकट राव से मुलाकात कर उच्च परीक्षा में



बैठने के लिए अनुमति आदेश अविलम्ब जारी करने की मांग किया था, जिसके बाद यह अनुमति आदेश जारी किया गया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. चन्द्रवंशी ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 16 अक्टूबर को जारी आदेश में जिले के 1093 सहायक शिक्षकों व प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों को अनुमति दिया गया है, जिसमें ब्लॉक कवर्धा के 435, बोड़ला के 164, स.लोहारा के 317 एवं पंडरिया के 177 शिक्षकों का नाम शामिल है। संयुक्त संचालक दुर्ग द्वारा 13 अक्टूबर व 16 अक्टूबर 2026 को जारी दो अलग-अलग आदेश में 683 शिक्षकों व मिडिल स्कूल के प्रधान पाठकों को अनुमति दिया गया है, जिसमें ब्लॉक कवर्धा के 255, बोड़ला के 93, स.लोहारा के 255 व पंडरिया के 120 शिक्षकों का नाम शामिल है। इस प्रकार टीचर्स एसोसिएशन के प्रयास से जिले के कुल 1786 शिक्षकों को उच्च परीक्षा या अन्य सेवा के लिए परीक्षा में बैठने कि अनुमति आदेश जारी हो गया है। कुछ शिक्षकों का अनुमति आदेश जारी नहीं हो पाया है, जिसके लिए एसोसिएशन प्रयासरत है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, बलदाऊ चंद्राकर आदि ने समय पर अनुमति आदेश जारी करने के लिए संयुक्त संचालक दुर्ग व जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सम्बंधित शिक्षकों को बधाई दिया है।

कवर्धा से दशहरा देख लौट रही महिला की सड़क दुर्घटना में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी

कबीरधाम जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोक्करखार के पास ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका की पहचान फगनी टेकाम, पिता गो रे ला ल , निवासी ग्राम शंभूपीपर के रूप में हुई है।



हादसे के बाद परिजनों में शोक व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार, फगनी टेकाम ग्राम कुंडपानी में दशहरा देखकर लौट रही थीं। इसी दौरान ग्राम बोक्करखार के पास एक ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए 108 एंबुलेंस के जरिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिल्फी पहुंचाया गया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला रेफर किया।

वहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद चिल्फी थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिस दुर्घटना की परिस्थितियों और अन्य पहलुओं की जानकारी जुटा रही है। दशहरा देखकर लौटते समय हुए इस हादसे से मृतका के परिवार में मातम पसरा हुआ है।

कवर्धा नगर के गांधी मैदान से निकली शोभायात्रा में दिखी अनूठी आस्था

मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा में जमकर खेला गया बाना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर के गांधी मैदान में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान श्रद्धा, भक्ति और शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। माता रानी को विदाई देने निकली विसर्जन यात्रा में श्रद्धालुओं की विशेष धार्मिक आस्था आकर्षण का केंद्र रही।

कोई अपनी जीभ छिदवाकर तो कोई गाल छिदवाकर मां दुर्गा की प्रतिमा के आगे-आगे चलता नजर आया। श्रद्धालुओं के इस अनूठे स्वरूप को देखने के लिए सड़क किनारे लोगों की भीड़ जुटी रही। विसर्जन यात्रा के दौरान बाजे-गाजे और भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु माता की आराधना करते हुए आगे बढ़ते रहे।

जीभ और गाल छिदवाए श्रद्धालु पूरे धार्मिक उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए। उनके साथ चल रहे अन्य भक्त मां दुर्गा के जयकारे लगाते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं की आस्था और समर्पण का यह दृश्य लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

अनूठे स्वरूप ने खींचा लोगों का ध्यान



गांधी मैदान से निकली विसर्जन यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का अनूठा स्वरूप आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। सड़क से गुजरती यात्रा को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। लोगों ने श्रद्धा और उत्सुकता के साथ विसर्जन यात्रा को देखा। बाजे-गाजे की गूंज, माता के जयकारे और भक्तों का उत्साह यात्रा को विशेष बना रहे थे। श्रद्धालु मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ आगे बढ़ते हुए अपनी धार्मिक आस्था प्रकट कर रहे थे।

मां की आराधना के बाद दी विदाई

नवरात्र पर्व के दौरान नौ दिनों तक मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद प्रतिमा विसर्जन के साथ भक्तों ने माता को भावभीनी विदाई दी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और नगर की मंगलकामना की। धार्मिक उत्साह और भक्तिमय माहौल के बीच निकली विसर्जन यात्रा ने नगर में नवरात्र पर्व की यादों को एक बार फिर जीवंत कर दिया। माता रानी के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष फिर से मां के आगमन की कामना की।

नगर पंचायत बोड़ला में धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

नगर में अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयादशमी का त्योहार अपार श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में विविध धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों एवं आसपास के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।



दशहरे के पावन अवसर पर भगवान श्री राम और लक्ष्मण की मनमोहक झांकी के साथ भव्य रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों मुख्य बाजार, बस स्टैंड और मंदिर चौक से होते हुए गुजरी। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर राम-लक्ष्मण का भावभीना स्वागत किया गया। इसके साथ ही, नवरात्रि के पावन अवसर पर स्थापित देवी जवारों का गाजे-बाजे और भक्तिमय भजनों के साथ कवर्धा रोड स्थित निकटतम जलाशय में ससम्मान विसर्जन किया गया।

सायंकाल दशहरा मैदान में रामलीला मंचन के दौरान राम-रावण युद्ध का जीवंत प्रदर्शन किया गया। जैसे ही भगवान श्री राम ने अग्निबाण चलाकर रावण के विशालकाय पुतले का दहन किया, पूरा मैदान जय श्री राम के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान शानदार आतिशबाजी भी की गई, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।